खन्नौत नदी किनारे चलाया गया विशेष सफाई अभियान

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज नगर क्षेत्र के हनुमतधाम स्थल पर खन्नौत नदी किनारे विशेष सफाई अभियान चलाया गया। खन्नौत नदी के किनारे हो रही गंदगी को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त संतोष कुमार ने नदी के आसपास विषेश सफाई अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए। निर्देश के अनुपालन में क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा क्षेत्र के स्वच्छता कर्मियों के साथ खन्नौत नदी के किनारे वृहद् स्तर पर सफाई का कार्य कराया। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती ने सफाई कार्य का निरीक्षण किया और अपनी देखरेख में सफाई के कार्य को कराया। साथ ही संबंधित को निर्देश दिए कि इस बात का विषेश

ध्यान रखा जाये कि कोई भी व्यक्ति नदी में अथवा नदी के आस पास गंदगी करता न पाया जाए। सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती द्वारा नगरवासियों से अपील की गई है कि नदी के पानी को शुद्ध रखने के लिए नदी में किसी प्रकार के मृत पशुओं को प्रवाहित न करें और नदियों के आसपास कूड़ा-करकट न फेकें। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त रष्मि भारती के साथ क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य, क्षेत्रीय सफाई नायक इफ्तेकार खां आदि कर्मचारी मौजूद रहे।